Licensing policy for drug and Pharmaceuticals

613. SHRI BEKAL UTSAHI:
SHRI MURLIDHAR CHANDRAKANT BHANDARE:

Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Government have been considering a comprehensive licensing policy for drugs and pharmaceuticals.

(b) whether the proposed policy contemplates automatic entry of Multi-nationals in specified bulk-drugs; and

(c) what are the other salient features of the new policy?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CHEMICALS AND FERTILIZERS (SHRI CHINTA MOHAN): (a) to (c) The Drug Policy 1986, is under review and the provisions of the New Industrial Policy are being kept in view. It would be premature to disclose the modifications at this stage.

उत्तर प्रदेश और बिहार में गरीबी की रेखा से नीचे रह रहे व्यक्ति

614. श्री सत्य प्रकाश मालवीय : क्या योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय उत्तर प्रदेश और बिहार में अलग-अलग कुल कितने-कितने व्यक्ति गरीबी रेखा से नीचे रह रहे हैं; और

(ख) उन व्यक्तियों की आर्थिक दशा को सुधारने के लिये सरकार की क्या-क्या योजनायें हैं और उनका ब्यौरा क्या है ?

योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री हंसराज भारद्वाज) : (क) हाल ही के वर्ष 1987-88 में जिसकी सूचना उपलब्ध है, उत्तर प्रदेश तथा बिहार में गरीबी की रेखा से नीचे रहने वाले लोगों की संख्या क्रमश: 448.34 लाख तथा 336.54 लाख थी।

(ख) उत्तर प्रदेश तथा बिहार की सरकारें गरीबी की रेखा से नीचे रह रही जनसंख्या के जीवन स्तर को सुधारने के लिये विकास योजनायें कार्यान्वित कर रही हैं। इन योजनाओं में आधारिक संरचना, उद्योग, कृषि, सिंचाई, ग्रामीण विकास, शिक्षा तथा स्वास्थ्य के विकास के लिये तथा एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम तथा जवाहर रोजगार योजना जैसे सीधे रोजगार सृजन तथा गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों के लिये भी निवेश/परिव्यय शामिल हैं।

संघ लोक सेवा आयोग में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के सदस्य

615. श्री सत्य प्रकाश मालवीय : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) संघ लोक सेवा आयोग में इसके अध्यक्ष सहित कुल कितने सदस्य हैं ;

(ख) इसमें कितनी रिक्तियां हैं ; और

(ग) वर्तमान सदस्यों में से कितने सदस्य अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के हैं ?

कार्मिक लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती मारग्रेट आल्वा) आल्वा) : (क) और (ख) संघ लोक सेवा आयोग में मंजूर पद संख्या एक अध्यक्ष तथा दस सदस्य हैं। हाल ही में एक सदस्य का चयन हुआ है, जिन्होंने अभी कार्यभार ग्रहण करना है उनको छोड़कर सभी पद भर लिये गये हैं।